Rs.2853 crores were due to them, we have given only Rs.1100 crores. The fourth point to which I would like to draw the attention of the hon. Finance Minister is in regard to the Eleventh Finance Commission's recommendations; and that has earlier been referred to by Dr. Manmohan Singh. But I am looking at it from a different angle. And it has its relevance so far as the recommendations of the Eleventh Finance Commission is concerned. What has happened over the years? If you analyse the State Budget for the last 20 years, and more so, from 1987 onwards, 16 years (the Seventh Plan, the Eighth Plan and the Ninth Plan), you will find that in the Plan expenditure and the non-Plan expenditure, the demarcation has been blursed. And it is mainly because of the anxieties on the part of certain State Governments to show a larger Plan size and what they did exactly that. What should not have been included as Plan expenditure, as the new investment, they have done it. I am not going into the merit or demerit of it, but I am talking of a practical problem which has arisen by the subsequent recommendations of the Finance Commission. We are considering which should have been blocked in the non-Plan expenditure category has been put in the box of the plan expenditure category, and when the Finance Commission is looking into the real revenue gap of the non-Plan expenditure size, the Finance Commission is totally misconstruing because of the figures which the State Governments are providing as the Plan expenditure and the amount which they are entitled to have as non-Plan resource gap; they are not getting it. And this is not an imaginary fear. In Chapter 2 of the third volume of the 'State Plan -Trends, Concerns and Strategies' - I am not going to quote the entire paragraph, but only a few lines - it is mentioned, "A close observation from the States' Budget during the past decades reveals a blurring of Plan and non-Plan distinction of the Government." And what has been the consequences? Unfortunately, the misrepresentation of the non-Plan schemes as Plan schemes underestimated the genuine requirements for non-Plan. The Central Finance Commission which assessed the genuine non-Plan requirements of the States and accordingly awarded the necessary share of the Central taxes and grants, ended up in awarding a lower amount. Therefore, after coming out of the Yojana Commission, the State Chief Ministers may have some satisfaction for the time being of telling the media persons, who are assembling there, what is the size-of their Annual Plan, but ultimately at the end of the day they get less money because the Finance Commission does not assess, as per the report of the Planning Commission itself, what is the real non-Plan requirement of the States

concerned. If on a larger context what Dr. Manmohan Singh has suggested is taken into consideration, there is nothing wrong. But so far this distinction continues, we must ensure that this type of misrepresentation does not take place and we can arrive at the actual picture while making our presentation before the Finance Commission.

One more aspect to which I would like to draw the attention of the House and especially of the hon. Finance Minister is this. Dr. Manmohan Singh and many other Members have pointed out that gradually the share of the Plan is coming down. In the Fifth Plan, we had the States' share of 52 per cent of the total Plan Expenditure. We are nowhere how. Even of the States' own expenditure, the Plan and capital expenditure, as a percentage of the total revenue expenditure has shrunk substantially. Therefore, the Plans are to be protected. And how can the Plan be protected? While having a discussion on planning, I suggested that, but there was no satisfactory response from the Government. You cannot have 20 things as your priority. I am afraid, Mr. Finance Minister, it would be difficult for you to achieve the financial target. Mr. Chairman, Sir, I will take just two minutes more and then I will conclude. In the Tenth Plan, the total outlay which we had was Rs. 15,92,300 crores from the figures of the first two years, including the Gross Budgetary Support which is more than Rs. 2,39,000 crores. We are nowhere near that. And instead of having a core plan within Plan, why cannot we have a realistic Plan and prioritise according to the resource availability and according to what you can provide them? And thereafter, this type of distortions which are taking place, perhaps could be avoided. The last point which I would like to suggest, and as Mr. Lalu Prasad and many other Members have also suggested is that it is true that the special category States will have to be treated specially and the special formula and dispensations which are there, ought to be applied. But. within the States, there are pockets of developments; there are pockets of backwardness, and for that, some accommodation should be made in the Finance Commission's recommendations. I do agree that the Central Finances are not unlimited. But, at the same time, it is equally true that if there is a drag on the States' side, you cannot move forward. The most primary concerns which have to be addressed right now are, how you can reduce the debt burden of the State, to what extent you can give them relief in the interest payment which they have to pay and how you have to tackle the special problems which the States are confronting. Mr. Nilotpal Basu raised an issue. This is, unfortunately, the legacy of Partition. The

State from which I come had to face the influx of refugees from 1947 up to 1970, even before the liberation war of Bangladesh. I am talking of the legal thing. Even if you take the cut-off date, as 25th March, 1971, the influx of refugees from Bangladesh took place prior to that and that problem remains unresolved. Somebody may say, "You sat on the other side for pretty long, for five years, why couldn't you do it?" Yes, we could not do it. I admit it. But that doesn't mean it should not be done. Please ensure some accommodation.

The second problem, which is very serious and affecting our security - I feel the Finance Ministry in consultation with the Planning Commission should take urgent note of it because it is imminent during this rainy season and it will affect during this period- our only link with the North-Eastern Region, where. Siliguri is the main base camp, which is connected with NH-34, is being affected. The NH-34 has reached a stage where the distance between the two rivers, Padma and Bhagirathi, which is just one-and-a-half kilometres, is likely to be converging. If it is washed out, the two rivers will meet and the entire area will go to Bangladesh and -a situation will arise where Farakka will be redundant and the entire road connection from Bengal to Siliguri, the base camp, from our security point of view, would be cut off. Therefore, this is a matter which requires urgent attention. With these words, I thank you, Mr. Chairman, for having given me this opportunity.

श्री एस0एस0 अहलुवालिया (झारखंड): सभापति महोदय, राज्यों की वित्रीय स्थिति पर हम लोग चर्चा कर रहे हैं। सुबह चर्चा शुरु करते वक्त नेता प्रतिपक्ष ने राज्यों की वित्तीय स्थिति की जो वह दुर्दशा है, उसके लिए दो चीजों को मूलतः जिम्मेदार ठहराया है। एक जो फ़िफ़थ पे रिवीज़न हुआ उसके कारण, और दूसरा जो सैन्ट्रल असिस्टैंट मिलता है उसमें कटौती के कारण या कमी आने के कारण। इसके साथ-साथ अभी मेरे पूर्व वक्ता प्रणब बाबू ने भी इन्ही चीज़ों पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि लॉस ऑफ रेवेन्यू, सेलरीज़, पेशंज़ और लॉसेज़ इन पीएसयूज़, मूल कारण हैं।

[उपसभाध्यक्ष(श्री सुरेश पचौरी) पीठासीन हुए]

महोदय, मॉर्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता नीलोत्पल बसु ने भी बहुत सारे मुद्दे उठाए, लालू प्रसाद जी ने भी उठाए, और वाकई यह आज राज्य वित्तीय अवस्था ऐसी कगार पर आ गई है कि इस वक्त राष्ट्र को इस पर ध्यान देने की जरुरत है। मैं कोई अर्थ नीति का ज्ञाता या उसका शास्त्री नहीं हूं, मैं मैक्रो और माइक्रो इकोनोमिक्स की बात नहीं करना चाहता। मैं जीडीपी की बात नहीं करना चाहता। मैं तो सिर्फ वही बात करना चाहता हूं, जो प्रणब बाबू ने

प्लानिंग कमीशन के बैकग्राउंड पेपर से उद्धत की थी और कहा था कि हास्पीटल हैं तो डाक्टर नहीं हैं। वैसे ही पानी हैं तो केनाल नहीं हैं और केनाल हैं तो उसकी मेंटीनेन्स नहीं है। वैसे ही स्कूल हैं, छात्र हैं, स्कूल की बिल्डिंग हैं, लेकिन टीचर नहीं हैं और टीचर हैं तो स्कूल की बिल्डिंग नहीं हैं, छात्र नहीं हैं और पढ़ने के लिए किताब भी नहीं है। हमारा इस अवस्था में पहुंचने का कारण क्या था? मैं भारतवर्ष को एक परिवार के रुप में लेता हूं और मैं समझता हूं कि सारा परिवार अगर कुछ आय करके अपनी भारतमात की झोली में खुच डालता है और जहां बंटता है, समान रुप से बंटता है तो वह परिवार सुखी और समृद्ध हो सकता है। हमारे यहां जो परंपरा शुरु से चली आई है, मैं इस परिवार को अगर ऐसे लूं कि जहां लोग पैसा कमाने की चिंता न करें और जहां राष्ट्रीय आय न हो या राज्य की आय में बढ़ौतरी न हो, एक्सपेडीचर दिन-पर-दिन बढ़ जाए तो जो मूलभूत जरुरतें हैं वे कहां से पूरी होंगी?

महोदय, विभिन्न शुल्कों के माध्यम से रेवेन्यू अर्जन होता है। हम शुल्क लगा नहीं सकते क्योंकि शुल्क लगाने के लिए हार्ड डिसीजन, कठोर कदम लेने की आवश्यकता पड़ती है। कठोर कदम उठाने से पहले आपको सोचना पड़ता है कि अगर मैं इस बजट में कठोर कदम लाने जा रहा हूं या उठाने जा रहा हूं तो अगले वर्ष जो चुनाव हैं उस चुनाव में हमारा क्या होगा? लालू प्रसाद यावद जी जब अपनी बात कह रहे थे तो लोग हंस रहे थे, लेकिन मैंने उसको गंभीरता से लिया क्योंकि वह यह कह रहे थे कि हर वर्ष, बारह महीने यह चुनाव चलते हैं, आज म्युनिस्पेलिटी का चुनाव है, कल पंचायत का चुनाव है, परसों विधानसबा का चुनाव है, चौथे रोज लोकसभा का चुनाव है और जब कोई भी सरकार बनती है, चाहे पंचायत में बैठी हो, चाहे म्युनिसपल कारपोरेशन में बैठी हो, चाहे किसी कारपोरेशन का मेयर बनकर बैठा हो, चाहे किसी विधानसभा का अध्यक्ष बनकर बैठा हों, चाहे मुख्यमंत्री बनकर बैठा हो या राष्ट्र को नेतृत्व देते हुए प्रधानमंत्री का पद संभाले हो, हर व्यक्ति, हर दल को हर वक्त यह चिंता रहती है कि चुनाव में जाने के पहले अगर हमने टैक्स बढ़ाया तो हमारा यह एंटी पीपुल प्रोग्राम हो जाएगा और इसलिए पापूलिस्ट प्रोग्राम को लाने के लिए हम लोग तरह तरह के हथकंडे अपनाते हैं, कभी सबसिडी के नाम पर, कभी और सस्ती चीजों के नाम पर और कभी किसी तरह की रियायतें देने के नाम पर।

महोदय, प्रणब बाबू 43वीं रिपोर्ट को उद्धूत कर रहे थे। उसी में प्लानिंग कमीशन ने जहां हाई लेवल फिसिकल डेफिसिट बोथ एट सेंट्रल और स्टेट लेवल पर जो काम करने हैं उसके लिए रिकमंडेशन दी थी रेवेन्यू साइड के लिए भी और एक्सपेंडीचर साइड के लिए भी, वहीं पर यह भी कहा था कि वह जो नेशनल लेवल पर और स्टेट लेवल पर सबसिडी हैं इनको बंद करिए, खर्चों को कम करिए। लेकिन, खर्चों को कम करने की बात हम नहीं करते। इस वक्त यह जो दो रास्ते हैं, जिनके माध्यम से राज्य अपना घर चलाते हैं, यदि उनकी आय न हो तब भी वे अपने खर्चे चलाते हैं और वे रास्ते हैं, जिनका आरबीआई ने प्रावधान किया है- वेज एंड मीन्स एडवान्स का और दुसरा ओवरड्राफ्ट का। वेज एंड मीन्स एडवान्स के हिसाब से, अगर मैं गलत बोलूं तो सुधार दीजिएगा, कि शायद दस दिन का प्रावधान रहता है और ओवरड्राफ्ट का 21 दिन का प्रावधान रहता है। कई राज्य, महोदय, 365 दिनों में से जो 108 दिन छुट्टी के हैं वे माइनस कर दे तो आपके करीब 257 दिन रहते हैं, चूंकि सेकेंड सटरडे छुट्टी होती है इसलिए उसको माइनस करे तो 260 दिन वर्किंग डे के रहते हैं और उन 260 दिन के वर्किंग डे में

250 दिन वे अपनी सरकारों के खर्चे, अपने राज्यों के खर्चे डब्लूएमए के माध्यम से या ओवरड्राफ्ट के माध्यम से चलाते हैं।

महोदय, अगर 260 दिनों में से 250 दिनों का खर्चा राज्यों का यहीं से चले तो क्या स्थिति बनेगी? मैं अदाहरुस्वरुप मध्यप्रदेश का उदाहरण देता हूं। मध्य प्रदेश में एक वर्किंग डे के लिए 48 करोड़ का खर्च आता है। इस 48 करोड़ में से 20 करोड़ वे डब्ल्यूएमए से उठाते हैं। अगर 20 करोड़ वे डब्लूएमए से उठाते हैं तो महीने में 600 करोड़ रुपया वे इससे उठाते हैं। यह 12 महीने इसी पर चल रहा है। महोदय, इन चीजों को मद्देनजर रखते हुए पिछले दिनों आरबीआई ने एक कमेटी बनाई और उसमें पूरा डब्लयूएमए पर विचार हुआ। जैसे बैंकों में कई जगह बैंक में स्कैम हुआ, उसमें देखा गया कि कॉल मनी मार्किट का एक रोल है। जब पिछला स्कैम हुआ तब भी और जब दूसरा स्कैम हुआ तब भी देखा गया कि कॉल मनी मार्किट का अपना एक रोल है और उस पर एक अंकुश लगाया गया। अब इन 10 दिनों का और 21 दिन के इस प्रावधान का दुरुपयोग करते-करते हम आज ऐसी कगार पर पहुंच गए हैं कि एक-एक राज्य का कर्जा बहुत बढ गया है। मुझे पटना शहर की एक बात याद आती है कि एक कोआपरेटिव सोसाइटी में कर्जा लिया गया जिसमें पटना स्टेशन का प्लेटफार्म नं0-1 बंधक रख दिया गया और उस पैसे को रिकवर करने के लिए पटना स्टेशन के प्लेटफार्म नं0-1 की ऑक्शन होने के लिए आ गया। राज्य अपनी गारंटी भी देते हैं, तो मेरे कभी-कभी लगता है कि हमारे जो राज्य हैं उनकी ऐसेट्स से ज्यादा उनकी लाइब्लिटीज़ खड़ी हो गई हैं। आज मध्य प्रदेश 250 दिन, अर्थात 12 मास, बाराहमासी उधार पर चला रहा है अपनी सरकार को। ऐसे कितने ही नाम हैं राज्यों के। मध्य प्रदेश एक बहुत बड़ा

[पसभापति महोदया पीठासीन हुईं]

राज्य हैं, उसी तरह महाराष्ट्र हैं, ये सारे उधारो पर चल रहे हैं। अगर ये राज्य उधार पर चलते रहे और गारंटों पर गारंटियां देते रहे तो हम किस कगार पर पहुंचेंगे? प्रणब बाबू ने कहा कि हमें कुछ राज्यों में, जैसी रिकमेंडेशन स्टेंडिंग कमेटी ने की है, फ़ाइनेशिल इमरजेसी लगाने की जरुरत है। उसकी शुरुआत हुई कब से? हम हर बार फ़ाइनैंस कमीशन की रिपोर्ट बढ़ते हैं, हम हर बार अपने प्लांस को पढ़ते हैं। हर पांच साल के बाद एक रिपोर्ट आ जाती है और प्लानिंग कमीशन की रिपोर्ट को हम देखते हैं, उसमें जो प्रॉपर इंट्रोस्पेक्शन करने की जरुरत है कि आखिर पिछ्ले प्लान में क्या खामियां थीं, जो पूरी नहीं की जा सकी और जिन्हे आने वाले दिनों में कैसे पूरा किया जाएगा, उसके बारे में कोई इंट्रोस्पेक्शन नहीं होती क्योंकि हर फ़ाइनैंस कमीशन का चेयरमैन कभी भी अपने पहले वाले चेयरमैन की निंदा नहीं करता। चेयरमैन बदल जाते हैं, सैक्रेटरीज आफ दि कमीशन बदल जाते हैं लेकिन स्टाक वही होता है, की निंदा नहीं करना चाहता। आज सही मायने में जरुरत है पूरे राष्ट्र और सदन को यह इंट्रोस्पेक्शन करने की कि हमारा यह जो प्रावधान है यह सही है या गलत है, हम किस रास्ते पर चले गए हैं? एक दूसरे पर हम दोषारोपण करे कि आपकी नीति के कारण यह खराब हैं या हमारी नीति के कारण यह खराब है, यह सही नहीं है। आज जिन चीजों पर जोर देने की जरुरत है उनमें है सबसे पहले पापूलेशन कंट्रोल। जनसंख्या की वृदि हो रही है और जनसंख्या की वृद्धि के कारण बेकारी बढ़ रही है। ये बेकार कहां जाते हैं? जब हाथ बेकार होते हैं तो ये उपयोग में आ जाते

हैं आतंकवादियों के। इसी जनसंख्या वृद्धि के कारण जिस सड़क पर कभी 100 आदमी चलते थे, आज 1,000 आदमी चलते हैं। उसी सेनिटेशन सिस्टम का 1,000 आदमी उपयोग कर रहे हैं। पानी सप्लाई की जो क्षमता थी, वह दिन-प्रतिदिन घटती जा रही है। कभी सुबह से शाम तक पानी उपलब्ध रहता था किन्तु आज सुबह से शाम तक खड़े होकर पानी के आने का इंतजार करना पड़ता है। तो इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी लोड बढ़ता जा रहा है किन्तु उस इन्फ्रास्ट्रक्चर की क्षमता को बढ़ाने के लिए हमारे पास न वित्त उपलब्ध है, न उस इन्फ्रास्ट्रकचर को मेंटेन करने के लिए हमारे पास वित्त उपलब्ध है, इसके बारे में सोचने की जरुरत है। उस पर ज्यादा गौर फरमाने की जरुरत थी। चाहे वह पापुलेशन हो, चाहे दूसरे विषय हों, उनके लिए रास्ते ढूंढने की जरुरत है और मैं समझता हूं कि जैसा मैं पना अपना शुरु करते वक्त बता रहा था कि राष्ट्रीय आय इस पर निर्भर करती है कि हम उसे कहां से लाएंगे? उसके लिए सुधार करने की जरुरत है। हमने लालू यादव की बात को हंसकर टाल दिया। लालू यादव ने कहा कि पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक के चुनाव एक-साथ होने चाहिए। उसके पीछे एक तथ्य है। ये चुनाव एक-साथ इसलिए होने चाहिए ताकि कम से कम जो सत्ता में आएगा उसको यह चिंता तो नहीं रहेगी कि कल को चुनाव है, इसलिए कठोर कदम न उठाए जाएं, टैक्स न लगाया जाए। इसके बारे में थोड़ा सोचने और विचार करने की जरुरत है। उसके साथ-साथ हम अपना रेवेन्य कैसे बढ़ा सकते हैं जो वित्त हमारे पास उपलब्ध है, उससे ये काम कैसे कर सकते हैं, इस पर भी विचार करने की जरुरत है। डॉक्टर साहब ने कहा कि पांचवां वे-कमीशन लागू होने से यह सब हुआ है। पांचवे पे-कमीशन की बहुत सारी रिकमंडेशंस थी किंतु देवेगौड़ा जी ने या गुजराल साहब ने इसको लागू करते वक्त सिर्फ पैसे देने की जो रिकमंडेशन है, उन्ही को लागू किया। उसके साथ दूसरी जो रिकमंडेशंस थी कि टोटल मैनेजमेंट कैसे होगा, मैनपावर में कितनी कटौती करनी होगी, कैसे और रिस्ट्रक्शन लगानी होगी, उनको लागू नहीं किया गया। उनको लागू न करने के बाद आज कौन सा आदमी है या कौन सा शासन है जो उसको लागू कर सकता है? इसे लागू करने के लिए सब लोगों को मिलकर एक फैसला लेना पड़ेगा कि कहां से कटौती करके यह जो वित्त उपलब्ध है राष्ट्र की टौकरी में, उसको कहां पर उत्पादन- मूलक कामों में लगाया जाए, डेवलपमेंट में लगाया जाए, जो जनहित में काम आ सके। इसके ऊपर विचार करने की जरुरत है।

महोदय, मैं समझता हूं कि बहुत से अच्छे सुझाव आएंगे। उन सुझावों को सामने रखकर वित्त मंत्री जी का जवाब भी आएगा लेकिन उसके साथ-साथ हमें कुछ वित्तीय अनुशासन राष्ट्र में लागू करने की जरुरत है और उस तरफ ध्यान देने की जरुरत है। यह कहकर मैं अपना वक्तव्य समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

श्री गांधी आज़ाद: महोदया, जिस तरह से स्वस्थ शरीर के लिए शरीर का हर अंग स्वस्थ होना आवश्यक है, उसी तरप से विकासशील या विकसित देश के लिए प्रत्येक राज्य का भी विकासशील या विकसित होना आवश्यक है। हमारा देश विकसित तो नहीं किंतु विकास की ओर जरुर गतिमान है। अतएव मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि भेदभाव रहित होकर प्रदेशों को देश के शरीर का अंग मानकर, उसे स्वस्थ रखने के लिए, विकसित करने के लिए सरकार को भरपूर प्रयास करना चाहिए। वैसे हमारे माननीय वित्त मंत्री जी बजट की जो प्राथमिकताएं लेकर आए थे, उनमें गरीबी उनमूलन, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा और रोजगार को शामिल करके जनता के जीवन से जुड़ी समस्याओं के निदान का प्रयास उन्होंने जरुर किया है।

महोदया, केन्द्र द्वारा राज्यों को जो आर्थिक भागी दारी दी जाती है, वह इस प्रकार है- राज्य और संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को आयोजना सहायता के लिए 10 प्रतिशत की व्यवस्था है, राज्य और संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को आयोजना-भिन्न सहायाता के लिए 4 प्रतिशत की व्यवस्था है और करों और शुल्कों में राज्यों का हिस्सा 13 प्रतिशत है। इस प्रकार कुल प्राप्तियों में से राज्यों का हिस्सा 27 प्रतिशत राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्रों को अंतरण किया जाता है। मेरी राय में राज्यों की आर्थिक दशा को ध्यान में रखते हुए यह जो अंश दिया जाता है यह कम है, इसे बढ़ाने की आवश्यकता है।

महोदया, वैसे तो माननीय मंत्री जी ग्रामीण विकास हेतु सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना, स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना, ग्रामीण आवास योजना, पेयजल की व्यवस्था हेतु स्वजल धारा के अंतर्गत 90 कदम हम चलें 10 कदम आप चलें, विकास की ओर अग्रसर होने का सरकार का प्रयास जरुर है। लेकिन राजस्व अनुमान और राजकोषीय घाटा इस प्रकार है, कुल राजस्व 2 लाख 53 हजार 935 करोड़, राजकोषीय घाटा 1 लाख 53 हजार 637 करोड़ का अनुमान है, जो अनुमानित सकल घरेलू उत्पाद का 5.6 प्रतिशत है। मेरा सुझाव है कि राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए सरकार को कारगर कदम उठाने की जरुरत है। यह राजकीय व्ययो में कमी करके किया जा सकता है, अन्य स्त्रोतो से आय का विकास करके किया जा सकता है। भ्रष्टाचार का निवारण करके भी राजकीय कोष को बढ़ाया जा सकता है। साथ ही, संग्रह को भी बढ़ाकर के राजकोषीय घाटे को कम किया जा सकता है।

आज इस देश में एनपीए सबसे ज्यादा है और वह भी सबसे बड़े लोगों के ऊपर है। मेरी राय है कि अगर इस एनपीए की सरकार कारगर ढंग से वसूली करे तो राजकोषीय घाटे को बिल्कुल समाप्त किया जा सकता है।

महोदया, उत्तर प्रदेश को ग्रुप "सी" की श्रेणी में रखा गया है। इसका क्षेत्रफल, जनसंख्या एवं गरीबी को ध्यान में रखते हुए मैं इसे विशेष ग्रुप में रखने की सिफारिश करता हूं, ताकि उत्तर प्रदेश राज्य का समग्र विकास हो सके। मैं सदन के माध्यम से उत्तर प्रदेश की मुख्य मंत्री बहन मायावती को बधाई देना चाहता हूं कि प्रदेश के सीमित साधनों के बाद भी सद्पयोग करके प्रदेश का समुचित विकास कर रही है। हमारे साथी प्रो. रामगोपाल जी जो इटावा जनपद से आते हैं, उन्होंने कहा है कि कोई विकास नहीं हो रहा है। हो सकता है उनके जिले में बाहुबली ठेकेदार लोग हों और कागजो पर ही कार्य करा रहे हों। लेकिन उत्तर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है विकास दिन-रात निरंतर गति से चल रहा है।

उपसभापति महोदया, प्रदेशों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए, कुछ प्रदेशों की आर्थिक हालत और गरीबी को देखते हुए मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं। मध्य प्रदेश, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान को विशेष पैकेज देने की मांग करता हूं ताकि अन्य राज्यों के साथ कदम से कदम मिलाकर के बढ़ते हुए देश को विकासशील बनने में सहयोग कर सकें। धन्यवाद।

SHRI SWARAJ KAUSHAL (Haryana): Madam, Dr. Manmohan Singh made very significant observations about the North-East. I will only share my thoughts with the House as regards the financial situation and the performance of the States in the North-East.

Let us have a few facts. The population of the North-East is 3.75 per' cent of the total population of the country and the financial assistance from the Centre is about 20 per cent *i.e., 1*/5th of the total assistance given by the Centre. In spite of these encouraging figures and with such impressive figures, nothing has changed in the North-East. If I have to describe the major reasons for it, I think, two reasons are very prominent. Why have things not changed in the North-East? The first one is political instability. Unfortunately, my friends on the right and my friends on the left are interested in having a Government of their brand in each one of the North-Eastern States. This is going on ever since the North-Eastern States have been created, and that is the reason why we have the political instability in the North-Eastern States. When it comes to the financial discipline, there is nothing like financial discipline in the North-Eastern States. The problem of the North-East is not lack of money. The problem of the North-East is the 'excess of money." When it comes to financial discipline, the States in the North-East are rather competing with each other. There is an audit. But, it takes place very seldom. So, may I know from the hon. Finance Minister when is it that the District Council in the North-East was audited last - maybe, once in four years? Madam, in terms of financial discipline, there is little or no accountability. We hear about the Prime Ministers visiting, and it started with Shri Deve Gowda. He visited the North-East and announced a huge financial package. Such financial packages are futile. They are only populist. The lesson of insurgency in the North-East is very simple. When the beneficiaries of the national resources are few, there will be insurgency in the North-East. But, if there are beneficiaries of national wealth or, people at large, there will be very little insurgency in the North-East. What is required in the North-East is not money. What is required in the North-East is projects. We should make the audit effective and we should make the North-Eastern States more accountable.

Madam, Shri Lalu Yadavji referred to Haryana. He said that the Central Government promised that it would turn Bihar into Haryana. Let us go to the aspects which created Haryana and which built Haryana. It was

not a very great assistance from the Central Government alone, but it was the political leadership that made the difference. In less than five years, every single village in Haryana had a road. In less than five years, every single village in Haryana had a park. It appeared on the tourist map of the country. Thousands of teachers were employed. Thousands of schools were opened. It is not that this had happened thirty years ago. And, it is not that those times were different. Between 1996 and 1999, the power capacity in the State was doubled. The State, which was reeling under power shortage, could announce that there would be a twenty-four hour power supply in Haryana. So, political leadership can make the difference. Political will make the difference. And that is what is required in most of the States in the country. Thank you.

श्री बशिष्ठ नारायण सिंह (बिहार): उपसभापति महोदया, आज इस सदन में हम राज्यों की गंभीर वित्तीय स्थिति तथा उनकी विकास की गतिविधियों पर चर्चा कर रहे हैं। मैं इस बहस को तीन भागों में विभाजित करके अपनी बात रखना चाहता हूं। एक पक्ष यह हो सकता है कि किन कारणों से आज हम विवश हैं कि इस विषय पर, हमें इस रुप में, विचार करना पड़ रहा है। इसकी वजह क्या है? इसका दूसरा पक्ष होगा कि आज हम कहां पहूंचे हैं? राज्यों की अद्यतन स्थिति क्या है और उसमें सेन्टर की भूमिका क्या है? इसका तीसरा पक्ष यह है कि इसके निदान के लिए ओर इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए क्या उपाय हो सकते हैं? मुझे लगता है कि यदि हम कारणों के ऊपर विचार करने लगेंगे तो जो आपने मुझे समय दिया है उसमें मैं अपनी बात पूरी तरह से, ठीक से, नहीं रख सकूंगा। चूंकि अनेक कराण हैं। हमने वित्तीय प्रबन्धन को जिस तरीके से इस देश में लागू करने की कोशिश की है, उसमें कहीं न कहीं द्रष्टि दोष है, मूल्यांकन और आकलन करने तता जो हमारी योजना बनाने की रीति और नीति रही है, उसमें कहीं न कहीं दोष है। उसमें कहीं न कहीं, कोई खासी है, कहीं न कहीं कोई त्रुटि है। कहीं न कहीं हमने वास्तविकता से अलग रहकर अपनी योजनाओं को प्राथमिकता के रुप में दिया जिससे आज यह समस्या गंबीर रुप में उपस्थित हो गई है। राज्यों की हालत खारब हुई है और मुझको लगता है कि कुछ खास ऐसे बिन्दु हैं जिनको हम महत्व नहीं दे रहे हैं। यदि इन बिन्दुओं को महत्य नहीं दिया गया तो शायद आने वाले समय में इस समस्या का हम जो इसका इलाज करना चाहते हैं, इस बीमार अर्थव्यस्था का हम ठीक से इलाज नहीं कर पाएंगे। यदि कुछ शब्दों में आज की स्थिति का मूल्यांकन किया जाए तो दो बिन्दुओं पर द्रष्टि जाती है। इस देश में एक समानान्तर अर्थव्यवस्था चल रही है और वह है काले धन की अर्थव्यवस्था। दूसरी जो सबसे महत्वपूर्ण समस्या अभी सामने आई है, जिसका आज के प्रश्न संख्या-222 में भी उल्लेख किया गया है, वह है राजकोषीय घाटा। चाहे वह खाटा सैन्टर का हो या राज्य का हो, अब एक तरफ काला धन है और दूसरी तरफ रोजकोषीय घाटा है। क्या काले धन रखने वोलों के सामने राष्ट्र झुकेगा? काले धन को निकालने के लिए जितने उपाय किए गए हैं, क्या वे प्रयाप्त हैं या कोई दूसरे उपाय किए जाएंगे? जिस राष्ट्र में धन रहते हुए भी राजकोषीय घाटा बढता जाए और विकास के काम ठप्प होते जाएं तो यह एक विडम्बना है। इसलिए पहले काले धन को निकालने के लिए जोरदार, प्रभावकारी और ठोस कदम उठाए जाने की जरुरत है। मैडम, दस हजार करोड़ रुपए का एक आकलन है कि प्रतिवर्ष काला धन मार्केट में आ रहा है। दस हजार करोड़

में से यदि हम उसको टैक्सनेट में लेते हैं तो चार हजार करोड़ रेवेन्यू रिसीट्स में हम ले सकते हैं, जिसमें से 27 परसेंट राज्यों को जा सकता है। लेकिन इतने धन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं हो और फिर हम दूसरे तरीकों पर विचार करते रहें? जो हमने नीतियां चलाई हैं उसमें परिवर्तन लाकर हम आगे जा सकते हैं। आज मैं काले धन की बात इसलिए कह रहा हूं कि प्रितिवर्ष एक हजार करोड़ रुपया विदेशों में चला जाए यह एक खतरनाक प्रवृति है। इस देश में जो लोग अपना एकाउन्ट्स नहीं दिखा पाते हैं, गलत तरीके से इनकम टैक्स नहीं देते हैं, वे बड़ी संख्या में बड़े-बड़े प्लाटों पर खर्चा करते हैं। वे अपने मनी को सही ढंग से इन्वेस्ट नहीं करते हैं और राष्ट्र के पास पैसा है। इस पैसे को निकालने के लिए यशवंत सिन्हा के समय जैसे वीआरएस स्कीम निकाली गई थी और उसमें काफी लोगों ने पैसा जमा कर दिया था। आज इस ओर ठोस और आवश्यक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है ताकि काले धन को हम बाहर निकाल सकें। जब तक काले धन को निकालने के लिए ठोस और निर्णायक कदम नहीं उठाया जाएगा, भारत की अर्थव्यवस्था को एक अनुशासित तरीके से ले चलने में हम समर्थ नहीं हो पाएंगे। इसमें सबकी भूमिका हो सकती है। इसमें राज्यों की भूमिका हो सकती है, सैंटर की भूमिका हो सकती है। इसके लिए मैं वित्त मंत्री जी से कहूंगा कि वे विशेष रुप से इस पर विचार करने की कोशिश करे जिससे इस काले धन पर नियंत्रण पाया जा सके। मैं एक बात के लिए वित्त मंत्री जी को खासकर बधाई देना चाहता हूं कि आज राजकोषीय घाटे पर संख्या 222 पर जो प्रश्न हुआ था उससे वह जानकारी मिलती है कि केन्द्रीय सरकार ने कई कदम उठाए हैं। यदि राजकोषीय घटा कम हो जाए तो अर्थव्यवस्था में अपने आप आमूल-चूल परिवर्तन हो जाए, लेकिन यदि राजकोषीय घाटा बढ़ता चला जाए और फिर हम अर्थव्यवस्था को अपने ढंग से संचालित करने की बात करें तो इन दोनों का कभी भी सामंजस्य नहीं हो सकता है। मैडम, यदि बहस चल ही रही है तो इस बात पर भी ध्यान देना पड़ेगा कि अभी तक जो खर्च किए गए हैं उस खर्च में कितने ऐसे खर्च हुए हैं जो उत्पादकता बढ़ाने में समर्थ हुआ है, उन पर भी विचार करने की जरुरत है। कितना खर्च ऐसा हुआ है जो अनप्रोडक्टिव एक्सपेंडीचर है, आज उसका भी मूल्यांकन करने की जरुरत है। हम मानेत हैं कि राज्यों में जो पैसे भेजे जा रहे हैं उसका मोनिटरिंग करने की जरुरत है, उसे देखने की जरुरत है, राज्यों को डिसिप्लिन्ड करने की जरुरत है। यदि ऐसे कदम नहीं उठाए जाएंगे तो बहुत भयंकर स्थिति हो सकती है। कुछ राज्यों में ऐसी भी स्थिति होती है। गांधी आजाद जी बोल रहे थे, मनहोहन सिहं जी ने नॉर्थ-ईस्टर्न राज्यों की चर्चा की, कई साथियों ने बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों की चर्चा की, अब मैं यह मांग करता हूं कि राज्यों की जो आधार संरचना है, उसके आधार परक सैंटर को एक विशेष योजना बनानी चाहिए। नॉर्थ-ईस्टर्न राज्यों के लिए एक, सिक्किम के लिए दूसरी, उत्तरांचल के लिए तीसरी, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान के लिए अलग रणनीति बनानी चाहिए। जहां आबादी बहुत अधिक हो और जहां जमीन हो, वहां के लिए ऐसी योजना बने कि जमीन से जो उत्पाकता हो उसका अधिक से अधिक पैसा वहां के लोगों को मिल सके। यदि अधिक से अधिक पैसा वहां के लोगों को मिल सकेगा तो वे इन्वेस्टमेंट करेंगे और इन्वेस्टमेंट करने का नतीजा यह होगा कि उस राज्य में दूसरे लोग भी इन्वस्ट करने के लिए बाध्य हो जाएंगे। जैसे बिहार का सवाल उठता है। यदि बिहार में किसी पैदावार को ठीक से, वहां का जो आम है, लीची है, जो ऊंख ही, केला है, यदि इस तरह की फसलों को संरक्षण दिया जाए और उसका एक्सपोर्ट करने की व्यवस्था की जाए तो बिहार की संरचना, आर्थिक संरचना को एक बहुत बड़ा बल मिल सकता है। इसमें काफी सुधार हो सकता है।

मैं यहां पर विशेष रुप से यह बात कहना चाहता हूं कि इस सबके बावजूद भी हमें कई अन्य बातों पर गौर करना होगा। जो राज्य समुन्नत हो चुके हैं, जो राज्य विकसित अवस्था में हैं और जो राज्य अर्द्धविकसित अवस्था में हैं उनमें एक बड़ी खाई पैदा होती जा रही है। सैंटर-स्टेट रिलेशन में कभी-कभी कड़ुआहट का सवाल है, जो राज्य विकसित हैं उनका सवाल अलग है, जो राज्य अभी विकसित नहीं हैं उनका सवाल अलग है, ये समस्याएं ऐसी आ रही हैं जो भविष्य में कई संकट पैदा कर सकती हैं। इसके लिए एक विशेष पैकेज, योजना की तरफ से बना देने की जरुरत पड़ेगी, तभी इसका समाधान हो सकता है।

एक इश्यू जो इसमें सबसे बड़ी भूमिका अदा कर सकता है वह बैंकिंग पॉलिसी का है। बैंकिंग पॉलिसी और बिहार राज्य का रोजकोषीय घाटा- मैं यह बात मानता हूं कि वहां का वित्तीय प्रबंधन ठीक से नहीं हुआ है लेकिन साथ-साथ यह बात भी है कि बिहार के गरीब लोग जितना पैसा बैंकों में जमा करते हैं, उन बैंको का पैसा धनी राज्यों और जहां बड़े-बड़े पूंजीपति है, उनके पास चला जाता है। इतना पैसा वहीं नहीं रह पाता है। यही स्थिति पूर्वी उत्तर प्रदेश की है, यही स्थिति अन्य राज्यों की हो सकती है। एक ओर आर्थिक विकास के लिए उनके पास खर्च करने के लिए पैसा नहीं है। ऐसे राज्य के गरीब किसान और गरीब मजदूर पैसा जमा करते हैं उस पैसे को उस राज्य में इन्वेस्ट न करके दूसरे राज्यों में भेजने की योजना होती है। इस पर सरकार को एक ठोस पॉलिसी बनानी चाहिए। मैं इतनी मांग करना चाहता हूं कि वह पैसा कम से कम वहां के विकास में लगे।

मैडम, मैं कुछ खास बिंदुओं की चर्चा करके अपनी बात समाप्त करुंगा। मैं वेतन आयोग की सिफारिशों की तरफ ज्यादा ध्यान नहीं दिलाऊंगा। इससे विसंगतियां जरुर पैदा हुई हैं लेकिन मैं दो-तीन बिंदुओं की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहूंगा। इन्ट्रेस्ट बर्डेन आफ स्टेट से निजात दिलाने के लिए एक ठोस उपाय करना चाहिए। इन्ट्रेस्ट बर्डेन आफ स्टेट ऋण को चुकाने के लिए राज्य ऋण लेते चले जाएं तो यह ऋण कितना बढ़ता चला जाएगा, आज इस पर विचार करने की जरुरत है। इसके लिए ठोस उपाय किए जाने चाहिए। इस देश में एक्साइज कस्टम और इन्कम टैक्स की व्यवस्था में, पूर्णतःसुधार की आवश्यकता है। इन्कम टैक्स में क्या होता है? इन्कम टैक्स का आफिसर पता लगा लेता है कि फैक्टरी से कितनी कारें गईं, किन लोगों ने कार ली, पब्लिक स्कूल में किनके बच्चों-ने एडमिशन लिया था और इसी आधार पर नोटिस चला जाता है। बड़े-बड़े इकोनोमिक ओर्फडर्ज इन्कम टैक्स के पकड़ में नहीं आते हैं, लेकिन छोटे छोटे जो दो लाख, तीन लाख रुपये में गाड़ी लेते हैं, उनके ऊपर नोटिस चला जाता है। तो बड़े-बड़े इकोनिमिक ओफेडर्ज जिन्होंने सरकार का करोड़ो रुपया ले करके पचा लिया है, उनके ऊपर कठोर कदम उठाए जाने की बात होनी चाहिए। कस्टम अधिकारियों की मिल-भगत से ही बड़ी मामले में स्मगलिंग होती है, इसके ऊपर भी इफैक्टिव तरीके से एक कार्य योजना बननी चाहिए, जिससे कि इसका निदान हो सके। पिछड़े राज्यों की एक समन्वित योजना बना कर विकास की रुपरेखा तैयार की जाए और उन राज्यों मं संभावनाओं के आधार पर केन्द्र सरकार उनकी मदद करे। आज इन सवालों पर गंभीरता से विचार करने की जरुरत है, क्योंकि मुल्क के सामने एक बड़ा संकट पैदा हो रहा है। संकट पैदा हो रहा है कि सोशल मिजर्स की विदाई हो रही है। जीवन को बेहतर ढंग से जीने के लिए जो उपयोगी सामान हैं, देश में कितने बड़े पैमाने पर हम उनका आयात कर सकते हैं, कितने बड़े पैमाने पर निर्यात कर सकते हैं। इसकी तरफ

तो हम जाते हैं, लेकिन झुग्गी-झोपड़ियों के लोगों के जीवन-स्तर को सुधारने के लिए, उनकी आर्थिक दशा सुधारने के लिए, उनको कैसे लोन दिया जाए, उनकी हालत कैसे सुधारी जाए, उस तरफ हमारा ध्यान नहीं जाता। गांवों से जो नौजवान निकल रहा है, आज के मल्टी नेशनल एज में, उनके लिए कैसे योजना बनाई जाए, इसकी तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए विशेष योजना बनाने की जरूरत है। अब तक जो पालिसी अपनाई गई है, उसके लिए हम यह आग्रह करेंगे कि हमारा आधार भारत की भूमि होनी चाहिए, हमारा आधार भारत के लोगों का हाथ होना चाहिए, हमारा आधार यहां के गांवों की जमीन होनी चाहिए। एक ओर, कुछ राज्यो में, जहां जमीन उर्वरक नहीं है, वहां पर टूरिज्म डेवेलपमेंट की बात होनी चाहिए। कुछ राज्यों में जहां जमीन उर्वरक है, वहां कोशिश करनी चाहिए कि उस उर्वरकता को बढ़ाएं, अभी स्वराज जी बोल रहे थे, उन्होंने हरियाणा की चर्चा की। लेकिन बिहार की आज यह क्षमता है कि बिहार में कृषि और कृषि से संबंधित उद्योगों, पशुधन, वहां की सिंचाई व्यवस्था को अगर वहां की बिजली व्यवस्था को अगर ठीक किया जाए, तो बिहार और राज्यों से आगे बढ़ सकता है। लेकिन वह कराह रहा है। इस मायने में कराह रहा है कि केवल ऋण देने के लिए उसको ऋण लेना पड़ रहा है। ऋण लेते-लेते एक ऐसी स्थिति हो जाएगी कि डेवेलमेंट का काम वहां कोई नहीं हो पाएगा। इसलिए एक विशेष पैकेज के तरह इस पर विचार होने की जरूरत है। ...(**व्यवधान**)...

श्री लालू प्रसाद: स्पेशन पैकेज की बात करिए।

श्री बशिष्ठ नारायण सिंह: लगता है कि आप हमारी पूरी बात नहीं सुन पाए हैं। मैंने स्पेशल पैकेज की बात कही है इसलिए मैं इन बातों पर विशेष ध्यान देकर कहना चाहता हूं कि ऐसी लकीर मत खीची जाए कि एक ओर सैन्टर-स्टेट रिलेशन के सवाल पर भविष्य में गंभीर मतभेद पैदा हो और दूसरी ओर विकसित राज्यों और अल्प विकसित राज्यों के बीच में सवाल पैदा हो जाएं। इन तमाम सवालों पर गंभीर चिंतन करने की जरूरत है, इन तमाम सवालों पर विचार करने की जरूरत है। तभी वित्तीय व्यवस्था ठीक ढंग से चल सकती है। सरकार चाहे केन्द्र में किसी की हो, राज्यो में किसी की हो, इनके बीच में सामंजस्य, समन्वय स्थापित हो जिससे सबको लाभ मिल सके। बस इतना ही कह करके मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

उपसभापति: श्री मनोज भट्टाचार्य।

SHRI MANOJ BHATTACHARYA (West Bengal) : Thank you, very much. *...(Interruptions)...*

श्री लालू प्रसाद: मैडम, मैं यह कल वाली प्रोसीडिंग पढ़ना चाहता हूं ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति: देखिए, लालू जी, प्रोसीडिंग्ज की बात हाऊस में नहीं उठती है। आपको जो बात करनी है, मेरे चैम्बर में करिए। प्रोसीडिंग्ज की बात हाउस में नहीं उठाते। ...(**व्यवधान**)...

श्री लालू प्रसाद: एक्सपंज ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति: आज तक कभी नहीं हुआ है और यह भी रेकॉर्ड पर नहीं जाएगा, जो मैंने कहा है आपको कि आप, मैं यहां 18 साल से प्रिसाइड कर रही हूं, क्या कायदे, कानून व नियम, मुझे मालूम है। ...(**व्यवधान**)...

श्री लालू प्रसा: चैम्बर में मिलना पड़ेगा?

उपसभापतिः आप चैम्बर में मिलिए, क्योंकि अगर आपको कोई ...(**व्यवधान**)...

श्री लालू प्रसादः उसी में एक्सपंज करने की बात है।

उपसभापति: नहीं, एक्सपंज करने की जो बात है वह मैं देखूंगी कि क्या एक्सपंज्ड है।

श्री लालू प्रसादः आप देख तो लीजिएगा।

उपसभापति: हां, मैं देखूंगी, मैंने आपसे कहा है।

श्री लालू प्रसादः आपने हमको मार्ग-दर्शन दिया।

उपसभापतिः लालू जी, देखिए, मैं कोई बात कह दूंगी तो वह फिर आपको बूरी लगेगी, इसलिए बेहतर है कि चैंबर में बात करिए।

श्री लालू प्रसादः नहीं, नहीं। हम तो आपसे आशा ही नहीं करते कि आपको मुंह से बूरी बात निकले, लेकिन ऐसे दिखा दिया।

उपसभापतिः देखिए, लालू जी, कानून के दायरे में रहकर काम कीजिए। जो नियम हैं, उसके बाहर मत जाइए। आप मुझसे चैम्बर में मिलिए। आपको क्या आपत्ति है, मैं उसको सोल्व करने की कोशिश करुंगी। चैम्बर में यह बात होती है। हाऊस की बात हाऊस में नहीं उठाते हैं।

श्री लालू प्रसादः मैडम, क्या मैं आपसे लड़ने के लिए उठा हूं?

उपसभापति: मालूम नहीं, मुझे।

श्री लालू प्रसादः मैंने आपको बताया।

उपसभापति: लेकिन, अभी मैंने उनको बुला लिया है।

श्री लालू प्रसाद: मैडम, देखिए।

उपसभापति: हां, मैं देख लूंगी। मैंने आपसे कहा। आपको मैंने चेयरमैन साहब के कमरे में कहा, मैं देखूंगी। आज मैं पूरे टाइम से ...(**व्यवधान**)...

श्री लालू प्रसाद: मैं बोला एक मिनट और दस मिनट आप बोल रही हैं।

उपसभापति: मुझे बोलना पड़ता है। मेरा यही काम है। मैं यह बहुत दिनों से कर रही हूं। आपको मुझे काम सिखाने की अभी आवश्यकता नहीं है। ...(**व्यवधान**)... अगर आप ट्रेनिंग देंगे तो क्लासेस खोल लीजिए। बोलिए, मनोज जी।

श्री लालू प्रसाद: ट्रेनिंग अब हम आपको देंगे?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shri Manoj Bhattacharya, बोलिए भी too late now.

SHRI MANOJ BHATTACHARYA:'Thank you very much. Madam. I extend my thanks to the hon. Leader of the Opposition, Dr. Manmohan Singh, who raised the issue for a short duration discussion on the precarious condition of State finances, and the long-term implications on- the developmental activities in the States.

I would say that it is not precarious, but it is a messy situation of the" State finances. And, over a period of time, particularly speaking about the last three-four years, that is, after 1998-99, the situation has dwindled. The State finances have dwindled. What an irony!

Some time back, I was going through the history of developments with regard to the Centre-State financial relations. And it is quite replete in the history that when this country was liberated from the shackles of British imperialism, in 1947 - the war-ravaged world - the makers of the Constitution, the founding fathers of the Constitution, found themselves in a peculiar .situation. In the Constituent Assembly, it was discussed that the Centre is very poor and the States are very rich, and they wanted to strike a balance. The Constitution-framers also wanted to strike a balance, and while striking a balance, the consecutive Governments have adopted some such policies that even after 50-55 years of Independence, the Centre has become, as reported today by the hon. Finance Minister of the country, quite sound in so far as the fiscal situation is concerned, in so far. as the revenue situation is concerned, but the States are in a mess.

The State finances are in a precarious condition. That is why, the issue has been raised with the title, 'precarious condition of the State finances'. Madam, you would also certainly recall that while commenting on the...

THE DEPUTY CHAIRMAN : If you like, you can come to the front and speak.

SHRI MANOJ BHATTACHARYA : No, Madam, it is alright, thank you very much. While commenting on the Fiscal Responsibility and Budget Management Bill, 2003, even though there was a time constraint, I tried to

6.00 P.M.

tell the House that a peculiar situation exists. I repeat, that it is a peculiar situation that exists. The revenue will be collected by the Central Government, the responsibility of revenue collection is with the Central Government, and the responsibility of spending money for developmental activities lies with the State Governments, whereas the revenue sharing is not proper. Very eminent speakers like Dr. Manmohan Singh and Shri Pranab Mukherjee have spoken on this issue. They have also pointed this out. I fully endorse their views in many respects. I would like to refer to the Constitution. The Chapters I and II of Part XII of our Constitution contain the main provisions governing the Union-State financial elements. Of these, Articles 268 to 270, and 272, deal with the taxes levied by the Union, and the proceeds of which are either assigned to the States or compulsorily/ optionally shareable with the States. Articles 274-275 provide for the grants-in-aid of the revenues of such States as Parliament may determine to be in need of assistance. Article 282 contains a provision for grants by the Union or a State for any public purpose. These articles are there. But I need not go into articles. But what is lacking with the flexibility and objectivity of the revenue sharing between the Union and the States? Even though these are very important features, but there has been lacking something in this. Over a period of time, there has been something lacking in this. The revenue that has been collected has not been shared with the States in the way it should have been shared, because there are some problems with revenue collection as well. Maybe, because of these factors, the Centre has failed in its responsibility of collecting the revenue. The horizontal base of income tax - other predecessors have also commented over this - should have been expanded. More people should have been brought under the income tax net. The Government of India has failed in doing so. As a result, the revenue earning has become less. Perhaps, because of these reasons and because of so many other reasons, the flexibility and objectivity of revenue sharing could not be attended to, between the Centre and the States. The Constitutional provisions relating to revenue collection have not been taken into consideration that revenue is not exclusively for the use of the Centre, but it is also to be shared with the States. This is very important recommendation of the Constitution-makers that has not been, many a time, honoured by the Central Government. Naturally, most of the States, and not one or two States, are reeling under a serious debt burden. I do not know where the respite is. There are some good suggestions made by many hon. Members, but I do not know whether this Government will listen

to these suggestions or not. I do not know whether this Government can share these ideas of hon. Members. One particular thing that I want to say is that for the particular development of some States, funds have to be allocated. I have pointed out once before during the discussion only the other day that this country is reeling under a heavy burden of unemployment. The entire country is reeling under a heavy burden of unemployment. The employment has to be generated. The employment cannot be generated unless the developmental processes are pursued vigorously, unless the social sectors are looked after properly, and unless the infrastructure is developed in the right earnest. The world infrastructure has been developed or more being advertised, but that will not resolve the problems of this country, because, I know, if I start commenting over that, it may -be a very sordid state of affairs the way the super infrastructure development is being pursued. Madam, I do not say so, somebody was commenting about the populist measures of the Government. For somebody it may be populist measures, but for us, who are down-to-earth, who are close to the heart of the people, we know that these are not the populist measures. These are measures which are essential required for the survival and for the sustenance of the common people and poor people of this country. For example, you take the widow pension. It is not a populist measure. For example, you take free education, free education up to a certain extent. It is not a populist measure. Spending for the primary health care is not a populist measure. Let me name a scheme - you will also be interested to know - which has been referred to by me on a number of times in the past. Now I am tired of referring to it. There was one scheme which was in vogue since 1984. This is a national project to improve *Chullahs.* It is particularly meant for benefiting rural women -women in the marginalised families. The scheme was in vogue since 1984. That scheme was in vogue since 1984. Unceremoniously, that scheme has been withdrawn. And, what is being said is that scheme was transferred to the State sector. Now, millions of poor rural women, for whom, perhaps, nobody speaks, nobody bothers, were being benefited, environment was being protected, the felling of trees,, the deforestation, was being prevented. All of a sudden, this Government has decided that this scheme should be withdrawn. And, suspiciously, that scheme has been transferred to the State sector. Now, even if the States accept this scheme, where are the funds, as my colleagues have referred to it? In 1996, I remember, on the 4th of May, records show that a consensus was reached between the Chief Ministers and the Prime -Minister, and I believe, Madam, you will also

appreciate that this document is a continuous entity. On 4th May, 1996, it was accepted on consensus basis that the Centrally-sponsored schemes, whenever these will be transferred to the States, these will be transferred along with the funds. But, no funds have been allocated. But, the Planning Commission has advised the Government and the Government has decided that this scheme will be abandoned. Now, who will be the losers? Losers will be very poor, marginalised, Below Poverty Line people, rural women. They will be the victims. Who will be the victim? Victim will be the environment of this country. Deforestation will take place. It Will be an enormous loss for the entire nation. And, if we say that this has to be done, somebody will say that these are the populist measures that we are shouting for. Instead, I can also tell, Madam, that sometimes, these populist measures are taken by some such responsible persons, who unnecessarily raise the expectations of the people and they do not send the funds afterwards. I am telling this on the basis of my recent experience. I was in Srinagar some time back, perhaps, on 5th or 6th of July. I was attending the meeting of the Parliamentary Standing Committee on Science and Technology, Environment and Forests, where we were interacting with the Chief Minister of Jammu and Kashmir, Shri Mufti Mohammad Sayeed. We were discussing the problems of Dal Lake. . There, we were talking about the sharing of 70:30. So, I asked the hon. Chief Minister of Jammu and Kashmir, "Sir, what about the money that you got as a special grant that was declared by the Prime Minister in the month of May, 2002.". It was declared that a sum of Rs.2000 crores would be given to Kashmir for the development of this region so that young people in this region could get employment, so that infrastructural development could take place, so that tourism could be promoted, so that the entire economy in Kashmir could change. Which will take care of these problems of cross border terrorism? Which will take care of this strategic war that is being perpetrated in Kashmir? I was astounded. I was asking the Chief Minister of Jammu and Kashmir, "Why don't you spend a portion of that for the maintenance and for the correction of the problems of the Dal Lake?". The Chief Minister very modestly told me that they have not got a single penny out of that. So, sometimes, these Ministers go to the States and announce some schemes. They raise the expectations of the people and the States are left to address those expectations. *(Time-bell).* Madam, I have not taken even seven minutes. I have got 15 minutes. Please allow me,

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am just calculating your time.

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Thank you, Madam, for granting this time. Madam, I have also said that sometimes Government of India go for the administered price increase. And, they do not increase the excise duty, by administrative decision they increase the price. The States are robbed of their due share. The surcharge on income-tax is a continuous phenomenon. States have been robbed of their share. The concessions and rebates, the amnesty of income tax department. My earlier speaker was talking about the black money. I am tired of speaking about the black money. This Government does not have the political will. No Government had the political will to confiscate the black money. We have been shouting as Members of the Left Democratic Front; we have been shouting since our student 'days that confiscate the black money. Thousands and lakhs of crores of rupees are hovering around in this country. It is running a parallel economy. And, because of this, even the minimum developmental works, which are termed as populist measures by some of our friends, are getting hampered; those are getting jeopardised. The Government should confiscate the black money and spend that for the benefit of the common people. There are more than hundred crores people in this country. Out of them, 34 or 36 crores people are living Below the Poverty Line. Crores of people have been declared as redundant. The Government does not care to get information about them, whether they are living or not, whether there is a minimum health care. The people are dying of starvation. We only take some theoretical actions. The States have to be more responsible. The States have to implement some programmes for the development. The States are immediate to the people. The Centre is not immediate. The States are immediate to the people of the State, and, therefore, Madam, I say that the main responsibility lies with the Central Government. The States cannot be allowed to be bogged down in the debts. I quote an example of West Bengal where the international trade is going on with Bangladesh. As Mr. Pranab Mukherjee has also said, the State of West Bengal had to accommodate millions of refugees, but the proper treatment could not be given. Yes, kindly accept this. Even this Government coold not resolve this problem. I would say not only that. West Bengal is a State which had to accommodate poor people from surrounding States, hinterlands, from Bihar, Jharkhand, Orissa, and, even from neighbouring countries like Nepal and Bangladesh.

Now, I would say, how to accommodate the costs of all those, how to maintain all those unless the Central Government takes the

